फाल्गुन कृष्ण पक्ष दशमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 239 पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
23 फरवरी 2025 रविवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
16 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-5

### कल जीआईएस का करेंगे शुभारंभ, पहली बार दो दिन के लिए मप्र में

# पीएम की क्लास आज, भाजपा सांसद-विधायकों से संवाद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिन के मप्र प्रवास पर है। वह छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की नींव रखने के बाद शाम को भोपाल पहुंच रहे हैं। वे यहां मप्र के सांसद व विधायकों से मिंटो हॉल के कुशाभाउ ठाकरे सभागार में संवाद करेंगे। पीएम के साथ संवाद में मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा भी रहेंगे। सूत्रों की मानें तो यह संवाद %द्विपक्षीय% भी हो सकता है। पीएम मंत्रीमंडल सदस्यों से अलग से संवाद भी कर सकते हैं। इसके बाद वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे व कल सुबह इंवेस्टर्स समिट का 10 बजे शुभारंभ करेंगे। वे मप्र व देश के विभिन्न राज्यों समेत कई देशों के 26 हजार निवेशकों, उद्योगपतियों को संबोधित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी इसके पहले 25 दिसंबर को मप्र आए थे। वह 59 वें दिन रविवार को दूसरी बाद सबसे पहले बुंदेलखंड पहुंचेंगे। मोदी ने तब केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रखी थी। इस परियोजना के तहत मप्र के छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाडी, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा एवं सागर और यूपी के बांदा, झांसी, ललितपुर, महोबा में पानी का संकट खत्म होगा।






### पीएम कल सुबह 9.35 बजे मानव संग्रहालय के लिए निकलेंगे मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सोमवार को सुबह करीब 9.35 बजे राज भवन से मानव संग्रहालय के लिए निकलेंगे। वह करीब 8 से 10 मिनट में कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाएंगे। यहां 10 मिनट राज्यपाल व मुख्यमंत्री से बात करेंगे। इसके बाद जीआईएस 2025 का शुभारंभ करेंगे। निवेशकों व उद्योगपतियों को संबोधित करने के बाद वह करीब 12 बजे मप्र से रवाना हो जाएंगे।

### आज कैंसर अस्पताल की आधाररशिला

बागेश्वर धाम में 10.925 हेक्टेयर में 218 करोड़ रुपये की कैंसर अस्पताल बनेगा। इसका निर्माण 36 माह में करने का लक्ष्य रखा है। पहले चरण में 100 बिस्तरों की सुविधा होगी, जिसमें अत्याधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से गरीब कैंसर रोगियों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा।

### अभाविप ने कहा- वीवीआईपी मूवमेंट में छात्रों का न हो नुकसान ?

कल 25 फरवरी से माशिमं परीक्षाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत ने स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा है और चिंता जाहिर की है। अभाविप ने कहा है कि कक्षा 12वीं की परीक्षाओं के अंतर्गत हिन्दी का पेपर 25 फरवरी को है। 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान वीवीआईपी मूवमेंट के कारण कई प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित एवं बाधित रहने की संभावना है। कुछ छात्र परीक्षा केंद्र तक समय पर न पहुंच पाने के कारण परीक्षा से वंचित भी हो सकते हैं। परीक्षार्थियों तथा अभिभावक के लिए शासन स्तर पर उचित एवं नि:शुल्क यातायात व्यवस्था की जाए। अगर इस दिन किसी परिस्थिति में छात्र परीक्षा केंद्र देरी से पहुंचता है तो उसे मानवीय आधार पर अतिरिक्त समय दिया जाए।

# निवेशाय नमः

## मोहन-काल की पहली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट पर निगाहें मिशन मोड से बुलेट मोड तक पहुंची निवेश यात्रा की दास्तां



अर्थात्
आशीष दुबे

वे जनवरी के सर्द दिन थे, जब मप्र सरकार बड़ी हसरतों और कुछेक हिचक के साथ इन्वेस्टर्स समिट के लिए चंदेल राजाओं शहर खजुराहो पहुंची थी। उस समिट का शुरूआती सत्र असरदार व समापन सत्र बड़ा भावुक बन पड़ा था। तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान व सीएस राकेश साहनी समेत उनकी अफसर ब्रिग्रेड को यही फिक्र थी कि कहीं मप्र की ब्रांडिंग व निवेशकों की खातिरदारी में कोई कसर तो नहीं रह गई। तब से 18 साल के सफर में हालिया रीजनल समिट व विदेशों में संवाद-सत्रों तक मप्र की यह हिचक जाती रही, खजुराहो शिवराज सिंह के पहले ग्लोबल प्रयोगों में शामिल था तो भोपाल मोहन यादव की पहली प्रयोग भूमि बना है। चूंकि सरकार की शक्तिपीठ उसकी राजधानी ही होती है, लिहाजा माना जाना चाहिए कि निवेश यात्रा सूबे का पूरा फेरा लगाकर अपनी धुरी पर आ गई है।





इस समिट के पीछे बीस साल की तमाम कोशिशों के अनुभव का निचोड़ भी है व मोहन यादव के नितांत नए प्रयास भी हैं। मगर खास यह कि, युद्ध में जिस तरह कवर-फायर देते हुए आगे बढ़ा जाता है, उसी तरह सीएम मोहन यादव ने रीजनल इन्वेस्टर्स समिट के श्रृंखलाबद्ध आयोजनों के बाद इस ग्लोबल समिट की रचना की है। यह रीजनल प्रयोग पिछले कालखंड से नितांत अलग है। उम्मीद की जा सकती है कि जिला-संभागों में रीजनल समिट से निवेश का जो माहौल बनाया गया, वह भोपाल की ग्लोबल समिट में पूरी शिद्दत से 'वोकल' होगा। हालांकि समिट की सार्थकता सिर्फ निवेश करारों के आंकड़ों या नामचीन उद्योगपतियों की मौजूदगी से ही नहीं होती, बल्कि निवेश के प्रकार और इससे क्षेत्रीय विकास की मुकम्मल तस्वीर बनने से होती है। मप्र में इस लिहाज से औद्योगिक विकास का असंतुलित चित्र दिखता है। वहीं निवेश करारों के जमीन पर आने का औसत भी कमजोर है। वैसे भी एक कृषि प्रधान प्रदेश में उद्योगों का समुच्चय बनाना आसान नहीं, हालांकि प्रयास अस्सी के दशक में शुरू हुए थे और पीथमपुर, मालनपुर, मंडीदीप समेत औद्योगिक क्षेत्र भी अस्तित्व में आए। लेकिन मिशन-मोड बीस साल पहले आया, अब मोहन-काल में यह 'बुलेट-मोड' में नजर आता है।

उद्योगों से सरकार का अर्थशास्त्र व समाजशास्त्र यकीनन सुधरता है, इससे काम व जीडीपी सुधार के कई अवसर पैदा होते हैं। मगर शहरों के स्वरूप व उनकी तासीर-पहचान बरकरार रखने की जिम्मेदारी भी सरकारों व ओहदेदारों की बनती है। कई शहर आध्यात्मिक स्थलों, प्राचीन धरोहरों, विरासतों, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर भी हैं और इसी सिर्फ मिजाज का निवेश मांगते हैं। यदि सरकार औद्योगिक जरूरतों का ही मास्टर प्लान बनाते चले तो कैनवास पर समग्र विकास का चित्र जरूर बनेगा। यूं भी, इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को महज इवेंट बनने से बचाने के सारे जतन साफ नजर आते हैं। जैसा एक सीनियर मंत्री ने पिछले दिनों कहा कि पिछली कुछ समिट इवेंट बन गई थीं। अब ऐसा नहीं होगा। इस बार सरकार बीस लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य साधने की कोशिश में हैं। गौरतलब है, मप्र में कुछ महीने पहले तक 26.17 लाख पंजीकृत बेरोजगार थे।

बहरहाल, कल पीएम की मौजूदगी मप्र की ब्रांडिंग को मजबूत करेगी व निवेशकों पर मनोवैज्ञानिक असर भी डालेगी। हालांकि यह सभी कारक समिट के निष्कर्षों की मीमांसा का विस्तृत फलक भी तैयार करेंगे। यानि समिट के बाद का चित्र ब्यूरोक्रेसी के रुख निर्भर होगा। फिलहाल, वसंत का मौसम है, पुराने पत्तों के झड़ने व निवेश के वृक्ष पर नए फूल-पत्तों के खिलने का सही समय है..।

## महिलाओं को सोशल मीडिया अकाउंट सौंपेंगे पीएम मोदी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स एक दिन के लिए महिलाएं संभालेंगी। इसका ऐलान पीएम ने आज रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। मोदी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी 8 मार्च के दिन ये खास पहल शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, आप किसी भी क्षेत्र पर नजर डालें तो पाएंगे कि महिलाओं का योगदान कितना व्यापक है। इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूं, जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स जैसे एक्स, इंस्टाग्राम के अकाउंट्स उनको देश की कुछ इंस्पायरिंग महिलाओं को एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूं। ऐसी महिलाएं जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं, अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वे 8 मार्च को वो अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी।

## महाकुंभ में भीषण जाम, मेले में गूंजी मन की बात

**प्रयागराज, एजेंसी**

महाकुंभ का आज 42 वां दिन है। मेला खत्म होने में अब तीन दिन और बचे हैं। आखिरी संडे के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। आधी रात से संगम की ओर जाने वाले रास्ते श्रद्धालुओं से फुल हैं। मेला क्षेत्र के बाहरी हिस्सों में भीषण जाम लगा है। भीड़ के चलते ज्यादा से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए रेलवे ने 67 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। कम दूरी की ज्यादा ट्रेनें चलाई जा रही हैं। 22 फरवरी से 1 मार्च के बीच इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है। प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट्स पर बाहर से आने वाली गाड़ियों को रोक दिया गया है। आज सुबह ग्यारह बजे तक 50 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात महाकुंभ में हजारों लाउडस्पीकर पर सुनाई जा रही है। यूपी सरकार ने कहा- इस समय दुनिया में 120 करोड़ सनातनी हैं। इनमें से 50 प्रतिशत संगम में स्नान कर चुके हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर यह संख्या 65 करोड़ पार कर जाएगी।

## गहलोत का सीएम पर तंज अनुभव का कोई विकल्प नहीं

**जोधपुर, एजेंसी**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राज्य सरकार पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बिगड़ जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सुशासन के लिए मु यमंत्री भजनलाल शर्मा को अनुभवी एवं अ'छे सलाहकार रखना चाहिए ताकि राज्य में लोगों की समस्याओं पर ध्यान दिया जा सके। गहलोत शनिवार को यहां जोधपुर में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि शर्मा को आवश्यकता है अच्छे एडवाइजर की। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के अंदर बड़े पुराने लोग बैठे हैं , चुनाव जीत नहीं पाए होंगे मान लो, कभी सांसद रहे होंगे, विधायक रहे होंगे, मंत्री रहे होंगे, चुनाव जीतना अलग बात है , उनके अनुभव का लाभ क्यों नहीं ले रहे हैं वो। उन्होंने कहा' अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता मैं बार बार कह रहा हूं। वरना वो, मैं समझता हूं कि गुड गवर्नेंस की बात तो छोड़ो, राजस्थान के अंदर त्राहि त्राहि मची हुई है। शिक्षा, स्वास्थ्य में, अंग्रेजी मीडियम पर कमेटी बना दी, क्रांतिकारी काम है वो, हमारे गांव के ब'चे, किसानों, दलितों , पिछड़ों के ब'चे इंग्लिश पढ़ रहे है बोल रहे है वो कहां जालये, कोई सोच नहीं सकता।

### दिल्ली पुलिस का पोस्ट

## हम जीवानसाथी ढूंढने के बजाए क्रिमिनल तलाशने में एक्सपर्ट!

**नई दिल्ली।** अपराधियों के खिलाफ सख्त ऐक्शन लेने के लिए जानी जाने वाली दिल्ली पुलिस का सोशल मीडिया पोस्ट चर्चा में है। इस पोस्ट में दिल्ली पुलिस ने मजाकिया अंदाज में एक शख्स को जवाब दिया है। इस शख्स ने एक पोस्ट में दिल्ली पुलिस को टैग करते हुए लिखा कि वो अकेलापन महसूस कर रहा है, उसकी जीवनसाथी ढूंढने में मदद करें। एक्स पर हिमांशु नाम के यूजर ने लिखा- दिल्ली पुलिस ! मैं लोनली हार्ट सिंड्रोम से थोड़ा उदास महसूस कर रहा हूं। क्या आप मुझे कोई जीवनसाथी ढूंढने में मदद कर सकते हैं? इसके जवाब में दिल्ली पुलिस ने लिखा, दोस्त, यह 'जीवनसाथी' की तलाश का मामला लगता है ! हम एक जीवनसाथी को ढूंढने की तुलना में अपराधियों को पकड़ने में ज्यादा कुशल हैं।

## इजरायल ने फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली स्थगित की

**यरूशलेम, एजेंसी।** इजरायल ने गाजा पट्टी से रिहा किए गए बंधकों के साथ अपमानजनक व्यवहार के बीच 22 फरवरी को पहले से निर्धारित फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली को स्थगित कर दिया। सूत्रों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के एक बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इजरायल का कहना है कि 600 से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई को तब तक के लिए स्थगित किया जा रहा है, जब तक कि अगले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती है और गाजा पट्टी में इजरायली कैदियों को स्थानांतरित करते समय उनके साथ अपमानजनक व्यवहारों के बिना। हमास ने गाजा युद्धविराम के पहले चरण के तहत सातवें आदान-प्रदान में शनिवार को छह इजरायली बंधकों को रिहा किया।

**मेट्रो एंकर**

### भारत-पाकिस्तान के बीच दुबई के महामुकाबले पर ठहरी निगाहें

# महामुकाबले की गंभीरता और टीम इंडिया का दम



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कल रात के लाहौर के रिकॉर्ड तोड़ वनडे मैच के बाद किसी भी बड़े टूर्नामेंट का सबसे बहुचर्चित मुकाबला आज दुबई में भारत-पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ है। महामुकाबले की सबसे अहम कड़ी टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर हैं। जिनकी अगुवाई में पहला भारत-पाक मुकाबला हो रहा है। वर्ल्ड रैंकिंग की टॉप 8 टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी के पहले राउंड के बाद अहम दौर में दोनों टीमों का यह दूसरा मैच है। पाकिस्तान के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है, क्योंकि मैच को हारने के साथ ही उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो जायेंगी। वैसे तो किसी भी वर्ल्ड कप के सभी मैच



महामुबाबले से कम नहीं होते हैं, लेकिन भारत-पाक के बीच नाजुक राजनायिक रिश्तों की वजह और एक दूसरे की सरजमीं पर न खेलने के कारण इनके बीच होने सभी मैच महामुकाबले कहे जाने लगे हैं। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने जहां आखिरी बार 2008 में एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था, जबकि पाकिस्तान टीम ने भारतीय सरजमीं पर अपना आखिरी मैच 2012 में खेला था। किसी भी बड़े टूर्नामेंट में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया,न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान-बांग्लादेश की भिड़ंत भी किसी मायने में महामुकाबले से कम नहीं होती है। अब तो श्रीलंका-बांग्लादेश के बीच होने वाले मैच भी नागिन डाँस की वजह से इसी श्रेणी में आते हैं। मतलब साफ है कि वर्ल्ड कप कुछ मुकाबलों को छोड़ कर ज्यादातर मुकाबले महामुकाबले ही कहे जाने चाहिए। ऐसा लगता है कि किसी भी टूर्नामेंट के आयोजकों व प्रायोजकों की भूमिका भारत-पाक मुकाबले को महामुकाबला बनाने की ज्यादा है। अगर आईसीसी वर्ल्ड कप में दोनों टीमों के बीच हुई भिड़ंत पर गौर करें तो टीम इंडिया ने 90 फीसदी से अधिक मैचों में पाक टीम को धूल चटायी है। बावजूद इसको महामुबला बोलना वाकई समझ से परे है। आज मोहम्मद रिजवान और उनके साथी लंदन में मिली उस जीत से प्रेरणा लेने का प्रयास करेंगे। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के अब तक हुए मैचों पर नजर डालें तो फिर पाकिस्तान के मैदानों पर बल्ले का ही बोलबाला नजर आया है, जबकि दुबई में हुए एक मैच में गेंदबाजों ने भी अपनी छाप छोड़ी है। भले ही टीम इंडिया दुबई के मैदान पर होने वाले आज के मैच में हर पहलू पर फायदे की स्थिति में नजर आ रही है,क्योंकि उसकी टीम ने यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठा लिया है। लेकिन इस मैच में भारतीय मैदानी ब्रिगेड के खेल व मानसिक कौशल का भी इम्तिहान होगा। सभी जानते हैं कि हेड कोच गौतम गंभीर की आमद के बाद से भारतीय स्टार प्लेयर्स की चमक आती-जाती रही है। हाल में बीसीसीआई ने कोच व स्टार खिलाडियों के बीच की तथ्य-कथ्य खाई को पाटने की कोशिश की है। यह कितनी पटी है यह आज व आज के बाद के कुछ मैचों में दिखेगी भी।

# अंतिम चरण में तैयारी








भोपाल। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी अंतिम चरणों में।

## छोटी-बड़ी खबरें

### 25 फरवरी से शुरू होंगी प्रदेश के स्कूलों की पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होंगी। सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएँ 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न-पत्र एक मार्च 2025 को होगा। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगा। कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न-पत्र 5 मार्च 2025 को होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र ने परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार नि:शक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाये। परीक्षा की सारणी की जानकारी शालाओं को भी भेजी है।

### मंत्री टेटवाल के विशेष सहायक बने तिवारी

**भोपाल।** प्रभारी डिप्टी कलेक्टर मनीष तिवारी मंत्री गौतम टेटवाल के विशेष सहायक होंगे। वह राज्यमंत्री टेटवाल के पास तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार है। तिवारी केवल कौशल विकास एवं रोजगार से जुड़े काम देखेंगे।

### 6 अफसरों को पूल से विभागों में दिया काम

**भोपाल।** राज्य प्रशासनिक सेवा के 6 अधिकारियों को पूल से विभागों में भेजकर काम दे दिया है। इनमें डिप्टी कलेक्टर अभिषेक सिंह लंबे समय से पदस्थापना के लिए प्रतीक्षा में थे, जिन्हें पीएचई में अवसर सचिव बनाया है जबकि शंकरलाल सिंगोड़े को उप सचिव अनुसूचित जाति कल्याण, राधेश्याम बघेल को अवर सचिव वित्त, संदीप सिंह को अवर सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, आयुषी जैन को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी जीएडी और मोहम्मद सिराज को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी जनजातीय कार्य विभाग में पदस्थ किया है।

### मंत्री काश्यप करेंगे पीएम की अगवानी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगवानी व विदाई राज्य के कैबिनेट मंत्री चैतन काश्यप व मंत्री एदल सिंह कंषाना करेंगे। मोहन सरकार ने इन्हें मिनिस्टर इन वेटिंग नामित किया है। प्रधानमंत्री मोदी के खजुराहो एयरपोर्ट व बागेश्वर धाम पहुंचनचे पर मंत्री एदल सिंह कंषाना अगवानी करेंगे जबकि भोपाल में मंत्री चैतन काश्यप प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे।

### ज्वाला कांवेंट में फेयरवेल पार्टी

**हिरदाराम नगर.** ज्वाला कान्वेंट स्कूल में आठवीं के बच्चों की फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने सातवीं के बच्चों को ज्ञान ज्योति प्रदान की। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्राचार्य राज बतरा ने बच्चों को गिफ्ट देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 108 शिव नाम जाप किया जाएगा



**हिरदाराम नगर.** बजरंग सेना समिति द्वारा शनिवार को भारतीय सिंधु सभा भवन में शिवजी के 108 नाम की हवन आहुति का जाप किया गया। अर्चक पुरोहित पंडित राज कुमार गर्ग ने विधि विधान से जाप कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी एवं समाजसेवी शंकर आसूदानी द्वारा भगवान शिवजी की आरती की गयी। कार्यक्रम के अंत में हथप्रसादी वितरण किया गया।

# मेहमाननवाजी से 'जीतने' की कोशिशें

# मर्सिडीज, ई-बसें व महंगी कारों का बेड़ा तैयार

## ग्लोबल समिट में निवेशकों को एयरपोर्ट, स्टेशन व होटल से लाने और वापस छोड़ने के लकदक इंतजाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आ रहे देश विदेश के निवेशकों को खुश करने और यहां खुश रखने की हरचंद कोशिश मप्र सरकार ने की है। इसके लिये लचीली नीतियों और रियायतों का खाका तो तैयार है ही,ताकि निवेशक मप्र में निवेश के लिए सहमति दें, बल्कि सरकार बेहतरीन मेहमाननवाजी व अन्य सभी जरूरी इंतजामों के साथ रविवार शाम से भोपाल में निवेशकों को हाजिर मिलेगी। मेहमानों के लिए सरकार ने वाहनों को बेड़ा भी तैयार कर लिया है। इनमें 75 लाख तक कीमत की मर्सिडीज, प्रदूषण रहित ई-बसें और एसयूवी जैसी महंगी कारों शामिल है, यह एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, होटल और कार्यक्रम स्थल तक चलेंगी। इनमें निवेशक सफर करेंगे। वहीं मानव संग्रहालय के अंदर गोल्फ कार्ट दौड़ेंगी, इन्हें भी मंगवा लिया गया है। बाकी के वाहनों की आपूर्ति दूसरे राज्यों से की जा रही है। दरअसल, राज्य सरकार ईको फ्रेंडली जीआईएस का कॉन्सेप्ट लेकर चल रही है इसलिए इन ई-वाहनों पर ज्यादा जोर है और ऐसे वाहन कम पड़ने की स्थिति में दूसरे राज्यों से मंगवाए जाने को लेकर चर्चाएं चल रही है।अधिकारियों का कहना है कि जीआईएस बड़ा आयोजन है जो 24 को शुरू होगी, जो 25 की शाम तक चलेगी। इसमें शामिल होने के लिए 22 फरवरी की शाम से निवेशकों का आना शुरू हो जाएगा। इनमें बाहरी राज्यों के निवेशक शामिल है। बताया जाता है कि ये निवेश प्रस्ताव देने से पहले प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों से रूबरू होना चाहते हैं।



### सारे होटल फुल, नजदीकी शहरों में रूकेंगे निवेशक

भोपाल शहर के सारे होटल लगभग फुल हो गए हैं। निवेशकों को बाहर के होटलों में रुकवाने का इंतजाम किया जा रहा है। यहां तक कि इंदौर तक में भी निवेशकों के लिए इंतजाम किए गए हैं। हालांकि इस जीआईएस के चलते शहर में विवाह आदि करने वाले परिवार वालों को भी परेशानियां उठानी पड़ रही है। क्योंकि उन्हें माकूल और भरपूर जगह नहीं मिल रही है। अधिकारियों के मुताबिक शहर में छोटे—बड़े 53 प्रमुख होटल इनमें 1500 से अधिक कमरों को बुक किया है। इसके अलावा सैंकड़ों की संख्या में होम स्टे भी तैयार है। इनमें विदेशों से आने वाले निवेशकों ने ठहरने की सहमति दी है।

## शिवरात्रि पर दो दिनी आयोजन 25 से शुरू होंगे कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर.** महाकाल सेना समिति दो दिनी आयोजन के बीच महाशिवरात्रि मनाएगी। पर्व की पूर्व बेला में 25 फरवरी की अघोरी क्रियाएं होगी। 26 फरवरी को मंदिर एवं दरबार में पूजा अर्चना एवं शिवाभिषेक, भंडारे होंगे। महाकाल सेना समिति दो दिवसीय आयोजन के बीच महाशिवरात्रि का पर्व मनाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत 25 फरवरी को जागरण एवं अघोरी लीलाओं के साथ होगी। समिति के प्रमुख जुगल वाधवानी ने बताया है कि महाशिवरात्रि पर 25 फरवरी को जागरण एवं अघोरी लीलाएं होंगी। कार्यक्रम मिनी मार्केट में रात 9 बजे से शुरू होगा, जिसमें गौरव श्रीवास्तव, नम्रता कुशवाह, चेतन शर्मा शामिल रहेंगे। 26 फरवरी को प्रातः 10.00 बजे पंचामृत अभिषेक, हवन एवं आम भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम दीपक शिवनानी, संदीप जावरानी, भरत पारदासानी द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं।

## लैपटॉप के लिए साधु वासवानी स्कूल के बच्चों को मिले 25 हजार



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल व मुकिता इंटर नेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाली 37 प्रतिभाशाली छात्राओं को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप के लिए मिली है। यह राशि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बैंक खातों में ट्रांसफर की है। शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा है, आपकी मेहनत और लगन से ही आपने यह मुकाम हासिल किया है आगे भी जिस क्षेत्र में आप जाएं वहां पूरी लगन व मेहनत से काम करें व आगे बढ़े। बता दे छात्रा कविता मेवाड़ा ने बारहवीं में मैरिट में अपनी जगह बनाई थी। विद्यार्थियो ने कहा कि जैसा मुख्यमंत्रीजी ने कहा है हम लैपटॉप लेकर आगे की पढ़ाई को बेहतर करेंगे। इंटरनेट ने पढ़ाई में कम्प्यूटर को आवश्यकता बना दिया है। मुख्यमंत्री ने हमे भरोसा दिलाया है कि रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं संस्था की प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, रुपाली मेशराम, ममता जनियानी, रजनी सावलानी एवं दीपा आहूजा व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दी है।

## टाइम मैनेजमेंट, और हाइजीन पर विशेष सत्र



**हिरदाराम नगर.** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी प्रॉक्टर एंड गैंबल (पीएंडजी) के सहयोग से टाइम मैनेजमेंट और मेंस्ट्रुअल हाइजीन पर सत्र का आयोजन किया गया, इसका उद्देश्य मैनेजमेंट की छात्राओं के लिए प्रोफेशनल और पर्सनल लेवल पर जानकारी प्रदान करना था। पीएंडजी कंपनी की एक्सपर्ट रचना बावा ने मेंस्ट्रुअल हाइजीन पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि स्वस्थ समाज स्वस्थ महिला की वजह से संभव हो सकता है। वर्क लाइफ बैलेंस को केंद्रित करते हुए उन्होंने अच्छा स्वास्थ्य और स्वच्छता बनाए रखने के तरीके के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सत्र के बाद छात्राओं ने कई प्रश्न पूछे, जिसके उत्तर वक्ता द्वारा दिए गए। सत्र में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

## मेट्रो एंकर

### रोग निवारण प्रशिक्षण शिविर में अनुभव सत्र

# 24 घंटे में एक घंटा अपने शरीर के लिए दें: टेवानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल में चल रहे दस दिनी रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर के समापन की पूर्व बेला में अनुभव सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञों ने स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। वहीं, शिविरार्थियों ने शिविर के अपने अनुभव साझा किए।

प्राकृतिक चिकित्सक डॉ रमेश टेवानी कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा, मन से स्वस्थ होने के लिए ध्यान, प्रणायाम और योग व जीवन को सेवा के लिए बनाने वाली है। शिविर का उद्देश्य पूरे भारत को दवा रहित व दर्द रहित बनाना है। आजीवन निरोगी रहने के लिए उपवास, पेट की सफाई व नींद ये तीन चीजें जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। 24 घंटे में से एक घंटा हमें हमारे स्वास्थ्य की लिए निकालें, प्राकृतिक चिकित्सा का ज्ञान प्राप्त करके स्वंय को डॉक्टर बनाना हैं।

### 58 शिविरार्थियों ने लिया हिस्सा

शिविर में देश के विभिन्न प्रांतों से 58साधकगणों ने भाग लिया। जो डिप्रेशन, डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइटि्स, हाइपरटेंशन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोशन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, माइग्रेन, हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका और फ्रोजन शोल्डर की समस्याएं लेकर आए थे। शिविरार्थियों ने कहा शिविर में जो भी शारीरिक दिक्कतें लेकर आए थे। उनसे राहत मिली है। कार्यक्रम के अंत में डॉ लता टेवानी ने आभार व्यक्त किया । अगला कैम्प एक से 10मार्च तक आयोजित किया जाएगा।



## एमएलबी ने परीक्षा की तारीख बदली, एमवीएम ने बदला रूट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

24 और 25 फरवरी को 10वीं और 12वीं की सीबीएसई के दो परीक्षा केन्द्र बदल दिए गए। यहां के स्टूडेंट को दो केन्द्रों पर शिट किया गया। माध्यमिक शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर रिपोर्टिंग का समय बदला गया। आधे घंटे पहले यानी सुबह साढ़े आठ बजे तक इन्हें पहुंचना होगा। परीक्षा सुबह नौ बजे से हैं। सीबीएसई परीक्षा के दो केन्द्र समिट कैपस के करीब हैं। एमएलबी कॉलेज में अन्नया-2025 के तहत होने वाले पुरस्कार वितरण कार्यक्रम और चयन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। वहीं 25 फरवरी को होने वाली जी-टैग विषयक एक दिवसीय गैर-आवासीय कार्यशाला भी स्थगित कर दी गई है। राजभवन के पास स्थित एमवीएम कॉलेज के रूट में बदलाव किया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्र जो राजभवन की ओर से आते हैं, वे अब जेल पहाड़ी रोड से कॉलेज आएं।

### परीक्षाओं पर जीआइएस का असर, आधे घंटे पहले पहुंचें परीक्षा केन्द्र

# आस्था ने सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी को बना दिया कैलाश धाम, छठवें दिन भक्तों की अपार भीड़

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

पचमढ़ी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित मेले के छठवें दिन भी भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। ÷हर भोला हर हर महादेव÷ के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। अपने आराध्या भोलेनाथ के लिए भक्तों के आस्थापूर्ण जयघोष ने सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी को कैलाश धाम बना दिया। दुर्गम मार्ग होने के बावजूद, श्रद्धालु पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ चौरागढ़ महादेव के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। आज शनिवार 22 फरवरी को एक लाख से अधिक भक्तो ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए।

प्रशासन द्वारा मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। साफ-सफाई व्यवस्था बेहतरीन बनी हुई है, जिससे मेला क्षेत्र स्वच्छ और सुव्यवस्थित नजर आ रहा है। पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से तैनात है, जिससे भीड़ को नियंत्रित कर मार्ग को गतिशील बनाए रखा गया है। उच्चाधिकारी स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।

**जिला पंचायत सीईओ ने किया पचमढ़ी मेले का निरिक्षण**



चिकित्सा विभाग द्वारा निर्धारित स्थलों पर भक्तों के लिए चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी पूरी कर्मठता और समर्पण भाव से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में आज एक श्रद्धालु बेहोशी की हालत में डीपी प्वाइंट के नीचे मिला जिसको एसडीआरएफ की टीम द्वारा कैंप बीड ला कर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया तथा तुरंत पचमढ़ी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शनिवार को जिला पंचायत सीईओ ने सोजान सिंह रावत की अध्यक्षता में मेला संबंधी बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम पिपरिया, वन विभाग, साडा, जल विभाग, विद्युत विभाग, होम गार्ड, खाद्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, नोडल कंट्रोल रूम एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों की व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया, जिसमें साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, पुलिस समन्वय एवं भोजन आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मेले की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी संबंधित सेक्टर अधिकारियों (मजिस्ट्रेट) की है।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्थित सेवा केंद्र में कार्यक्रम आयोजित

# जीवन में जो हमें आगे बढ़ने से रोक रहा है उसे भगवान शिव को सौंप दो

**परमात्मा को छोड़कर सभी देवी-देवताओं का जन्म होता है जबकि परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण होता है**



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिवरात्रि का महापर्व कई आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए हैं। यह पर्व सभी पर्वों में महान और श्रेष्ठ है क्योंकि शिवरात्रि परमात्मा के दिव्य अवतरण का यादगार महापर्व है।महाशिवरात्रि पर्व पर हम शिवालयों में अक-धतूरा, भांग आदि अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं, गलत संस्कार हैं, कांटों के समान बोल गलत सोच को आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं।

हम दुनिया में देखते हैं कि दान की गई वस्तु वापस नहीं ली जाती है। इसी तरह परमात्मा पर आज के दिन अपने जीवन की कोई एक बुराई जो हमें आगे बढ़ने से रोक रही है सफलता में बाधक है उसे शिव को सौंपकर मुक्त हो जाएं। अपने जीवन की समस्याएं बोझ उन्हें सौंप दें। फिर आपकी जिम्मेदारी परमात्मा की हो जाएगी। एक बच्चे का हाथ जब उसके पिता पकड़कर चलते हैं तो वह निश्चिंत रहता है। इसी तरह हम भी यदि खुद को परमात्मा को सौंपकर जीवन में चलते हैं तो सदा निश्चिंत रहते हैं। परमपिता शिव इस धरा पर अवतरित होकर हम सभी विश्व की मनुष्यात्माओं को सहज राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। परमात्मा आह्वान करते हैं मेरे बच्चों तुम मुझ पर अपनी बुराइयों अर्पण कर दो। अपने बुरे विचार, भावनाएं, गलत आदतें शिव पर अर्पण करना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। अपने अंदर के अंधकार को मिटाकर जीवन में ज्ञान की ज्योत जगाएं। धर्म का आचरण ड्रेस पहनने से नहीं बन जाता है। उसे जीवन चरित्र में उतारना होगा। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपनी उद्बोधन में कहा कि परमपिता शिव और शंकर जी में महान अंतर हैं। शिव जी और शंकर जी में वही अंतर है जो एक पिता-पुत्र में होता है। इस सृष्टि के विनाश कराने के निमित्त परमात्मा ने ही शंकर जी को रचा। यहीं नहीं ब्रह्मा, विष्णु, शंकर के रचनाकार, सर्वशक्तिमान, सर्वोच्च सत्ता परमेश्वर शिव ही हैं। वह ब्रह्मा द्वारा सृष्टि की स्थापना शंकर द्वारा विनाश और विष्णु द्वारा पालना कराते हैं। शिवलिंग परमात्मा शिव की प्रतिमा है। परमात्मा निराकार ज्योति स्वरूप है। क्योंकि अज्ञानता रूपी रात्रि में परमात्मा अवतरित होकर अज्ञान-अंधकार मिटाते हैं।

परमपिता परमात्मा शिव 33 करोड़ देवी-देवताओं के भी महादेव एवं समस्त मनुष्यात्माओं के परमपिता हैं। महंत महेश्वर दास त्यागी जी ने कहा कि आज के समय में संसार शांति और सुख की तलाश में भटक रहा है। लोग सोचते हैं कि महंगे सामान खरीदने से दुनिया घूमने से ऊँचे पद और प्रतिष्ठा पाने से सुख मिलेगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि इन सबसे भी मनुष्य की आत्मा खाली और अशांत ही रहती है। उन्होंने कहा सच्ची शांति ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग से मिलती है, जिसे ब्रह्माकुमारी सिखा रही हैं। ब्रह्माकुमारी बहनें सच्चे संत हैं जो समाज को सही दिशा दिखा रही हैं।

### तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र का मामला

# सड़क हादसों में तीन घायल एक को जबलपुर रेफर किया



**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

थाना क्षेत्र अंतर्गत सामने आए तीन सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। जिसमें एक युवक को गंभीर रूप से घायल होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जांच कर रही है

पहला हादसा सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर नाग बाबा के समीप हुआ है जहां पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। हादसे में अनाड़ी पिता बसंत अहिरवार उम्र 40 वर्ष मोहित पिता अनाड़ी अहिरवार उम्र 10 वर्ष में निवासी गोहची थाना तेजगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जबलपुर से सागर जा रहे पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अपने निजी वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से अनाड़ी पिता बसंत अहिरवार को गंभीर चोटे आने के चलते जबलपुर रेफर किया गया है वहीं मोहित अहिरवार का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है

दूसरा हादसा दमोह मार्ग पर हुआ है जहां नीलेश पिता रवि यादव उम्र 13 वर्ष को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर चला गया जहां घायल नीलेश यादव को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है

इसी तरह एक अन्य आदी में राकेश पिता गेमा बंजारा राजस्थान उम्र 25 वर्ष कुत्ते को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक सहित गिर गया। घायल को गंभीर अवस्था में इलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज जारी है।पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# मांगों को लेकर पेंशनर देंगे भोपाल में धरना



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश के तत्वाधान में आगामी 27 फरवरी को भोपाल के अंबेडकर चौराहा माता मंदिर के पास अपनी मांगों को लेकर धरना देंगे। इसके पश्चात अपनी मांगों को संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। ज्ञात हो की मध्य प्रदेश पेंशनरों की तरफ से यह पहला धरना प्रदर्शन होगा। जो प्रगतिशील वेलफेयर एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर दुबे के नेतृत्व में संपन्न होने जा रहा है।शनिवार को स्थानीय विश्रामगृह में नगर एवं आसपास के क्षेत्र से आए पेंशनरों के द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 27 फरवरी को भोपाल के अंवेडकर चौराहा पर होने वाले प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें पेंशनरों के द्वारा अपनी प्रमुख मांगे 1 जुलाई 2024 से 3त्र महंगाई भत्ता दिए जाने। समस्त पेंशनरों को आयुष्मान योजना का लाभ दिये जाने, खासकर जो पेंशनर 80 वर्ष से ऊपर हैं और उनका बायोमेट्रिक आधार से अपडेट नहीं हो पा रहा है तो उन्हें स्वथः ही इस योजना में शामिल किया जाए । और आयुष्मान योजना से किसी प्रकार से कोई भी पेंशनर वंचित न रह सके। 27 माह का एरिया भुगतान किया जाए। सहित अनेकों मांगे सभी के द्वारा भोपाल पहुंचकर धरना प्रदर्शन के पश्चात ज्ञापन के रूप में। मुख्यमंत्री के नाम प्रस्तुत किया जाएगा। संगठन के प्रदेश सचिव जगदीप सिंह राजपूत ने बताया गया कि सभी पेंशनरों के द्वारा की जाने वाली मांग जायज हैं और उनके लिए संगठन काफी समय से मांग करता आ रहा है। सभी पेंशनर्स भोपाल में धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

# तेज आवाज में बज रहे डीजे पुलिस ने किए जब्त





**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

शहर थाना पुलिस ने नियम विरुद्ध तेज आवाज में डीजे बजाने पर तीन डीजे जप्त कर कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा परीक्षाओं को देखते हुए तेज आवाज में नियम विरुद्ध डीजे बजाने वाले डीजे संचालकों पर कार्यवाही के निर्देश दिये गए थे।

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बासौदा शहर योगेन्द्र सिंह परमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा भ्रमण के दौरान रात्रि में आरोपी गणों द्वारा शासन एवं सर्वोचय न्यायालय के द्वारा निर्धारित ध्वनि आवाज से अधिक आवाज में डीजे बजाते पाये जाने पर तीन डीजे वाहन जप्त कर कोलाहल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में निरी.योगेन्द्र सिंह परमार, शिवरतन माझी, आशीष यादव, राकेश सेन, भूपेन्द्र चौबे, हरवेन्द्र सिंह सेंगर, राकेश रावत, सतीश तिवारी, सुमित अवस्थी की विशेष भूमिका रही।

# केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष के नगर आगमन पर हुआ स्वागत



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश शासन के नन्दकिशोर वर्मा का विगत दिनों नगर में आगमन हुआ जहां शीतला माता मंदिर के पास सेन समाज के लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया इस अवसर मध्यप्रदेश के शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त द्वारा गंज बासौदा में नगर पालिका में केश शिल्पी बोर्ड प्रतिनिधि के रूप में

प्रदेश महासचिव रामरतन सेन को नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश राज्य केश शिल्पी मंडल की अन्य योजनाओं एवं विश्वकर्मा योजनाओं के संबंधित कार्य करने हेतु प्रतिनिधि नियुक्त गया जहां सेन द्वारा वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर सत्यप्रकाश सेन,नारायण प्रसाद सेन,शिवनारायण सेन,सौदान सेन,गयाप्रसाद सेन,रामबाबा, डॉ सुमेर सिंह,नरेश सेन,विनोद सेन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**■ नपा में केश शिल्पी बोर्ड प्रतिनिधि रामरतन को किया नियुक्त**

# बांद्राभान में युवा रचनाकारों की दो दिवसीय कार्यशाला 23-24 फरवरी को

**नर्मदापुरम।** साहित्य अकादमी,मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा 'प्रदेश के युवा रचनाकारों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सृजनात्मक कार्यशाला' का आयोजन किया जा रहा है।

स्थानीय संयोजक किशोर करैया ने बताया की कार्यशाला 23 एवं 24 फरवरी को कौशल्या कुटी शा. विधालय के पास बांद्राभान नर्मदापुरम मे होगी।

कार्यशाला का उद्घाटन 23 को प्रात:11बजे से एवं समापन दिनांक 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे होगा।साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने बताया की कार्यशाला मे मार्गदर्शन के लिए अतिथियों मे गिरेंद्र सिंह भदौरिया इंदौर, प्रौ.कृष्ण गोपाल मिश्रा, नित्यगोपाल कटारे, संतोष व्यास,अशोक जमनानी नर्मदापुरम, धनश्याम मैथिल भोपाल, राकेश सोनी अमरकंटक को आमंत्रित किया गया है।

**मेट्रो एंकर** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम

# भाषा लोगों को आपस में जोड़ती है और उनकी संस्कृति को संरक्षित भी रखती है : डॉ.रश्मि तिवारी

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में शासन के आदेशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया। इस आयोजन में व्याख्यान, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम कराया। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा को कभी त्यागना नहीं चाहिए, क्योंकि मातृभाषा से अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। वर्ष 2025 में हम अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह पिछले पच्चीस वर्षों में भाषाई विविधता को संरक्षित करने और मातृभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए किए गए समर्पित प्रयासों का स्मरण करता है। उन्होंने पंजाबी भाषा में गुरु गोविंद सिंह जी के गीत देह शिवा बर मोहे ईहे, शुभ कर्मन ते कभुं न टरूं न डरौं अरि सौं जब जाय लड़ौं, निश्चय कर अपनी जीत करौं को सुनाया तथा पंजाब के क्षेत्र में शादी विवाह के समय होने वाले गिद्दा बारी बारी बरसी खटन गया सी खत के ले आनदी लोई, सारी दुनिया देख लई माँ तेरे जेहा न कोई को गाकर सुनाया।



डॉ अरविंद शर्मा ने बृज भाषा में संगीत को सुनकर विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहानी सुनाया कि एक मातृभाषा के आधार पर एक बिहारी लड़के को विदेश में नौकरी मिल जाती है। डॉ रश्मि तिवारी ने कहा कि भाषा लोगों की विविध पहचान को बढ़ावा देती है। भाषाएं लोगों को आपस में जोड़ती भी हैं और लोगों को उनकी संस्कृति को संरक्षित रखने का मौका भी देती हैं। इस दिन को मनाने का उद्देश्य अलग भाषाओं का संरक्षण करना, बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना और विविधता के महत्व पर प्रकाश डालना है।

डॉ. सुसन मनोहर ने मलयालम में कुछ शब्दों का अर्थ बताया एवं गीत गाकर विद्यार्थियों को मलयालम भाषा से अवगत कराया। श्रीमती सुशीला बरबड़े ने मराठी भाषा के शब्दों एवं मराठी भाषा के चर्चित गीतों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ पीके अग्रवाल ने उडिया भाषा के प्रसिद्ध कवि गंगाधर मेहेर की कविता विश्व देखो मधुमय विश्व देखो मधुमय जीवन ! मधुर झरण करेगा हरण तेरा पाप मरण भय, हे जीवन ! को गाकर सुनाया। डॉ मनीष चौर ने 9 नर्मदापुरम की आम जन भाषा से विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं भारत के विभिन्न क्षेत्रों की अलग अलग भाषाओं की जानकारी प्रदान की।

वरुण दुबे ने पंजाबी भाषा के महत्व को बताते हुए पंजाबी गीतों एवं पंजाबी गायकों के बारे में बताया। भाषण प्रतियोगिता में मृदुल पांडे प्रथम, लक्ष्मी भदोरिया द्वितीय, रूपाली पटेल तृतीय रही। निबंध प्रतियोगिता में मृदुल पांडे प्रथम, लक्ष्मी भदोरिया द्वितीय एवं गोपाल पांडे तृतीय रहे।

# गत वर्ष हाई स्कूल परीक्षा में प्रदेश में टॉप करने वाली छात्रा मुस्कान के घर पहुंचकर विधायक ने किया पुरुस्कृत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

गत वर्ष बारहवीं कक्षा में 98 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके मध्यप्रदेश में टॉप करने वाली छात्रा मुस्कान दांगी को विधायक उमाकांत शर्मा ने आदर्श शिक्षक प. स्व.श्री चंद्रमोहन शर्मा स्मृति में मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान छात्रा मुस्कान का सम्मान करते हुए उन्होंने घोषणानुसार एक लाख ग्यारह एक सौ ग्यारह रुपए की राशि भेंट की।

शनिवार को अचानक से प्रदेश में सिरोंज का नाम रोशन करने वाली सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा मुस्कान दांगी के भवानी नगर स्थित निवास पर अपनी पूर्व में की गई घोषणानुसार सम्मानित करने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा स्वयं पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ मुस्कान का केसरिया शाल माला एवं श्रीकृष्ण की तस्वीर देते हुए पुरस्कार की नगद राशि को सौंपा। इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि गत वर्ष मुस्कान ने प्रदेश में टॉप स्थान प्राप्त करके हमारे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है छात्रों में पढ़ाई को लेकर

**■ पंडित स्व . श्री चंद्रमोहन शर्मा स्मृति मेधावी छात्र सम्मान के तौर पर प्रदान की एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए की नगद राशि**

प्रतिस्पर्धा बढ़े और बेहतर उच्च शिक्षा के लिए हमारे नौनिहाल बच्चे प्रगति करें इसी उद्देश्य को लेकर हमने यह पुरस्कार देने की घोषणा की थी भविष्य में भी अगर हमारी सिरोंज लटेरी विधानसभा में



शासकीय अथवा निजी विद्यालय के छात्र प्रदेश में टॉप करेंगे तब उनको भी हम आदर्श शिक्षक पं. चंद्रमोहन शर्मा स्मृति मेधावी छात्र सम्मान से इसी प्रकार से पुरुस्कृत कर सम्मानित करेंगे। मप्र की मोहन यादव सरकार छात्रों को लैपटॉप, स्कूटी सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। इस मौके पर उन्होंने दसवीं बारहवीं सहित सभी परीक्षाओं की तैयारियों में लगे छात्रों से पूरी ऊर्जा और उत्साह से परीक्षा देने की अपील करते हुए असफल या कम प्रतिशत बनने पर निराश नहीं होने की भी बात कही।

प्रोत्साहन पुरस्कार देने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा को अपने बीच पाकर उत्साहित छात्रा मुस्कान ने कहा कि एकाग्रचित्तता तथा कठिन मेहनत की बदौलत मुझे प्रदेश में टॉप करने का मौका मिला। विधायक जी के माध्यम से मुझे जो नगद राशि मिली हे उसको वह अपनी आगे की उच्च शिक्षा प्राप्त करने में खर्च करने की बात कही। चाठोली गांव में किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले दीवान सिंह दांगी की नतिन तथा 7 भाई बहिनों में तीसरे नंबर की बेटी मुस्कान दांगी वर्तमान में सीए की तैयारी कर रही है। वे कामर्स छात्रा की हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ अजय पाल दांगी,ब्राह्मण समाज अध्यक्ष गोपाल शर्मा,सहित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### आखिर डीजे संचालकों पर क्यूँ मेहरबान है पुलिस प्रशासन

# कोर्ट के आदेशों की उड़ा रहे हैं धज्जियां बोर्ड परीक्षा के छात्रों को हो रही परेशानी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज शहर सहित ग्रामीण आंचलो में भी उत्सव जेसा महोल दिखाई दिया चारो ओर शोरशराबा, हसते गाते लोग, डी जे कि घुन पर थिरकते युवा, पूराने फिल्मी गीतों पर नागिन डांस करते बुजुर्ग, हर कोई बहुत खुश यहाँ तक की रहगीर भी अपने आपको नही संभाल सके ओर उन्होंने भी दौ चार ठुमके लगा ही लिए यही खुशी का महोल दिखाई दिया सिरोंज कि सडको पर आये दिन डिजों की वजह से जाम लगता रहता है पुलिस ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया पुलिस ये माजरा देखती रहती है डीजे वालों के खिलाफ कोई कार्रवाही करती दिखाई नहीं देती।

### देर रात तक बजता रहता है डीजे , नियम ताक पर

ज्ञात होकि देर रात तक बिना नियम के बज रहा है जगह-जगह डीजे बजता हुआ देखा जा रहा है पर प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही।

### शादी हालों में भी तेज आवाज में बजते है गाने

आज कल शादी हेलॉन में भी







देर रात तक तेज आवाज में गानों पर लोग थिरक रहे है शादी हाल मालिक अपने रकम लेने का चक्कर में कुछ नहीं कहते पर क्या प्रशासन को इस बारे में पता नहीं या कार्रवाही करना ही नही चाहते। इसी प्रकार कई जगहों पर ट्राफिक जाम की स्थिति बन जाती है अधिकांश बड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है वहीं डीजे की बड़ी-बड़ी गाड़ियां से निकलने में काफी परेशानी आती है, दो बारातों के आपस में इकट्ठे हो जाने के कारण भी यही स्थति बनी शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए सिरोंज पुलिस का एक भी जवान कहीं पर देखने को नहीं मिलता जिसके कारण राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पडती है और डीजे वाले अपनी मनमर्जी करते रहते है।

### देर रात तक तेज आवाज से बजते हैं डीजे, बोर्ड परीक्षा के छात्रों को हो रही है परेशानी

जहां एक और शासन द्वारा डीजे पर निर्धारित समय पर चलने के आदेश हैं लेकिन प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण शासन के आदेशों को लोग खुलेआम ठेंगा दिखाते रहते हैं देर रात तक डीजे तेज आवाज से चलाते हे लेकिन पुलिस प्रशासन ने थोड़ी भी रहमत नहीं उठाती वही बोर्ड परीक्षाएं चल रही है इसका असर विद्यार्थियों और मरीजो पर को पड़ता है वहीं दूसरी ओर डीजे की इतनी तेज धुनो के कारण इसका असर लोगों की सेहत पर भी साफ तौर पर पड़ रहा है बाजार में इतनी तेज ध्वनि से डीजे बजाया जाता हे की लोगों को वह जगह ही छोड़ना पडती है कई बुजुर्गों को तो कर की आवाज से घबराहट होने के कारण घरों का रूख करना पड़ा ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिरकार पुलिस प्रशासन डी जे चालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं करती।

### शादियों में होती है बाल मजदूरी

कुछ विशेष मौकों पर बाल मजदूरी को लेकर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और वक्ता घंटो बाल मजदूरी,ओर उनके अधिकारों पर तकरीरें करते नजर आते हैं लेकिन हकीकत में इनके अधिकार को नजर अंदाज किया जाता है शादी में जहां एक और कई बच्चे शादियों में नए-नए सूट पहनकर नाचते गाते रहे वहीं दूसरी ओर इन्हीं में कई मासूम बच्चे लाइट के गमले पकड़े दिखाई देते है इनमें से कुछ बच्चे तो इतने छोटे होते है कि उनसे गमले का वजन संभलता है ऐसे में कुछ बच्चों ने गमलों में रस्सी बांधकर गमले अपने गले में अटका लेते हैं यह सब चोरी छुपे नहीं बलके खुलेआम बाजारों में होता हैं लेकिन बाल अधिकार की बात करने वाली समाजसेवी संस्थाएं भी क्यों इन्हें नजर अंदाज करती हैं समझ से परे है वही हैरत की बात यह है कि पुलिस के सामने यह सब कुछ होता है लेकिन वह भी कोई कार्यवाही नहीं करती आखिर हमारे समाज से कब बाल मजदूरी खत्म होगी समझ नहीं आ रहा देर रात तक शादियों में घंटों गमलों का वजन सहन करने वाले बच्चों की आंखों में नींद का खुमार साफ तौर पर देखा जाता है।

## संत गाडगे महाराज की 149 वीं जयंती आज धूमधाम से मन रही



**तेन्दूखेड़ा।** आज संत श्री गाडगेजी महाराज की 149 वीं जयंती सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम कर धूमधाम से पूरे जिले में मनाई जा रही है ।संत गाडगे समाज के प्रति सदैव आजीवन समर्पित रहे। उन्होंने अपने जीवन में अनाथलायक, विद्यालय, चिकित्सालय आदि की स्थापना करते देशवासियों को शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। आज की युवा पीढ़ी को उनसे सीख लेनी चाहिए। उनके विचारों में बच्चों को शिक्षित बनाने की प्रेरणा थी। रजक समाज के लोगों का कहना है कि संत गाडगे बाबा के जीवन का एकमात्र ध्येय था-लोक सेवा। दीन-दुखियों तथा उपेक्षितों की सेवा को ही वे ईश्वर भक्ति मानते थे। उनका विश्वास था कि ईश्वर दरिद्र नारायण के रूप में मानव समाज में विद्यमान है। मनुष्य को चाहिए कि वह इस भगवान को पहचाने और उसकी तन-मन-धन से सेवा करें। भूखों को भोजन, प्यासे को पानी, अनपढ़ को शिक्षा, बेकार को काम, निराश को ढाढस और मूक जीवों को अभय प्रदान करना ही भगवान की सच्ची सेवा है। संतश्री के जीवन से सभी को सीख लेनी चाहिए और मानव सेवा करना चाहिए वहीं जिले सहित पूरे देशभर में आज गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

## वाल्ब में लीकेज होने से हजारों गैलन पानी हुआ बर्बाद



**सिरोंज।** लाइनों में लीकेज होने से शहर के कई मोहल्ले में जल सप्लाई नहीं हो रही है। दूसरी ओर बासौदा नाके पर शुक्रवार की रात्रि से लेकर शनिवार को 10 बजे तक बल्ब की लाइन में लीकेज होने जाने से हजारों के गैलन पानी बर्बाद हो गया ।जब इसकी सूचना प्रदेश टुडे ने जनहित में नगर पालिका जल विभाग के इंजीनियर रोहित तोमर कोदी इसके बाद उन्होंने तत्काल लाइन ठीक करने वाले कर्मचारियों को भेज कर बल्ब के लीकेज को ठीक करवा कर पानी की बर्बादी को रोकने के लिए उठाया इससे पहले यहां पर लीकेज के कारण सड़क पर पानी ही पानी नजर आ रहा था। जिसको देखकर ऐसा प्रतीत होता रहा था कि अभी बरसात का समय चल रहा हो ।इस तरह की शिकायत शहर में कई जगह से आए दिन सामने आ रही है। लाइनों में लीकेज होने से मोहल्ले में कई दिनों तक पानी की सप्लाई नहीं होती पानी नहीं के कारण परेशानी होती है। दूसरे ओर इस तरह से पानी की बर्बादी हो रही है।

## विदिशा प्रदेश में तीसरे स्थान पर, सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग रैंकिंग सूची जारी

**सिरोंज।** विदिशा सीएम हेल्पलाइन तहत दर्ज शिकायतों के निराकरण मामले में विदिशा जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में तीसरी रैंक हासिल की है। प्रदेश स्तरीय जारी ग्रेडिंग मासिक सूची में विदिशा जिला संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों के वेटेज 51.86 प्रतिशत के साथ ए रेटिंग हासिल करते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा आयोजित बैठकों में सीएम हेल्पलाइन तहत दर्ज शिकायतों के निराकरण पर विशेष जोर दिया गया था और शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष पहल करते हुए शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश भी अधिकारी, कर्मचारियों को दिए थे, जिसके फल स्वरुप 21 फरवरी 2025 की स्थिति में विदिशा जिले ने जिला वार ग्रेडिंग सूची में तृतीय स्थान पाया है। प्रदेश स्तरीय जारी ग्रेडिंग सूची में 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 13.64 प्रतिशत, निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 9.92 प्रतिशत, नॉन अटेंडेड शिकायतों का वेटेज 9.93 प्रतिशत इस प्रकार विदिशा जिले ने सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 85.35 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त किया।

## चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए पंजीयन 10 मार्च तक किए जाएंगे

**सिरोंज।** रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में समर्थन मूल्य पर चना (5650 रू. प्रति क्विंटल), मसूर (6700 रू. प्रति क्विंटल) एवं सरसों (5950 रू. प्रति क्विंटल) उपार्जन के लिये किसान पंजीयन 10 मार्च 2025 तक किये जाएंगे। किसान भाइयों से अपील की गई है कि पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था जैसे स्वंय के मोबाईल, एमपी किसान एप के माध्यम से, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर एवं पूर्व वर्ष की भांति सहकारी समितियों द्वारा (सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी) संचालित 130 पंजीयन केन्द्रों पर किये जा रहे हैं। पंजीयन की सशुल्क 50 रूपये के साथ जैसे एमपी ऑनलाईन, कियोस्क, लोकसेवा केन्द्रों एवं कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क पर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर, कैफे में कराये जा सकते हैं। कृषक भाई अपनी उपज का पंजीयन कराने से पहले आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर को लिंक अवश्य रूप से करा लें। अधिक जानकारी के लिए कंट्रोल रूम दूरभाष क्रमांक 07592-233153 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 27 को

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 27 फरवरी को आयोजित की गई है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में यह बैठक सांय 4 बजे से शुरू होगी। बैठक से संबंधित जानकारी युक्त पीपीटी 25 फरवरी तक उपलब्ध कराने की सूचनाएं समिति के सदस्य सचिव द्वारा प्रेषित की गई है।

## जिले में अभी तक 147706 किसानों ने कराई फार्मर रजिस्ट्री

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले में फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में गति आई है। समर्थन मूल्य पर फसल उपार्जन के लिये पंजीयन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री की आवश्यकता को देखते हुये अब किसान स्वयं इस कार्य मे रुचि ले रहे हैं।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराकर शासन के द्वारा प्रदाय की जाने वाली समस्त योजनाओं का लाभ लें। फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ सकेगा इसलिए सभी जल्दी से जल्दी फार्मर रजिस्ट्री कराएं और लाभ प्राप्त करें। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक 147706 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा हो चुका है। जिले में 240089 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी भी 95383 किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए शेष बचे हुए हैं।

फार्मर रजिस्ट्री किसानों के लिये राज्य शासन ने महत्वपूर्ण पहल के रूप में प्रारंभ की है। इसके तहत प्रत्येक किसान को एक यूनिक आईडी (फार्मर आईडी) प्रदान की जाएगी। इससे किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी, किसानों का डेटा बेस तैयार होगा और कृषि सबंधी नीतियों के क्रियान्वन में मदद मिलेगी। फार्मर रजिस्ट्री या फार्मर आईडी से किसानों को पीएम किसान एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी।

## वन विभाग की टीम ने अवैध उत्खनन के विरुद्ध की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली पत्थर चीरा सहित जप्त

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव के निर्देश पर वन विभाग की टीम द्वारा वन परिक्षेत्र में अवैध उत्खनन के विरुद्ध सतत प्रयासों के फल स्वरुप वन परिक्षेत्र बासौदा में वन विभाग की टीम ने एक और कार्यवाही की है। शुक्रवार शनिवार की दरम्यानी रात 3 बजे गस्ती के दौरान ग्राम मुरादपुर से ग्राम भडेरू के बीच पीडब्ल्यूडी रोड पर एक ट्रैक्टर फार्मट्रेक मय ट्रॉली पत्थर चीरा भरे हुए पाया गया था जिसे जप्त किया गया। ट्रैक्टर ड्राइवर नीरज पुत्र रमेश कुशवाहा निवासी ग्राम मुरादपुर के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 122/40 दिनांक 22.02.25 पंजीकृत किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही उप वन मंडल अधिकारी श्री तरुण डेहरिया के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बासौदा यशवंत भील द्वारा की गई है। जप्ती की




कार्यवाही महेंद्र सिंह दांगी कार्यवाहक वनपाल चैकी प्रभारी भिलाय, अवधेश राजपूत वनरक्षक, कृष्ण गोपाल शर्मा वनरक्षक, भानु रघुवंशी वनरक्षक के दल द्वारा की गई। जप्त ट्रैक्टर ट्राली को डिपो बासौदा वन सुरक्षा में रखा गया है। फार्मट्रेक ट्रैक्टर बगैर नंबर का पाया गया है।

**मेट्रो एंकर** स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत चल रहे अभियान का निरीक्षण करने पहुंचे अध्यक्ष

# शहर में चल रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता से नहीं करेंगे समझौता : मनमोहन साहू

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। शहर को ग्रीन क्लीन बनाने के उद्देश्य को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियानक के तहत शहर की विशेष सफाई करवाई जा रही है। इसके तहत हो रहा है काम को देखने के लिए शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ने सबसे पहले सबसे के लिए जो कदम उठाए जा रहे हैं उनको देखा जहां पर कमी मिली उसकी तत्काल दूर करने के निर्देश भी अधिनियम अधिकारी कर्मचारियों को नगर प्रदेश के द्वारा दिए गए इसके अलावा इन्होंने



शहर में चल रहे निर्माण कार्य जिसमें सड़क एवं मंडी बाईपास एवं लिंक रोड के दोनों तरफ बनाए ज रहे नाले का निरीक्षण किया गया। यहां पर श्री साहू ने गुणवत्ता के साथ ठेकेदार को कार्य करने के लिए कड़े निर्देश देते हुए कहा कि हम गुणवत्ता में कोई कमी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे डीपीआर के हिसाब से ही काम होना चाहिए कहीं कोई शिकायत आई तो हम

जांच भी करेंगे और घटिया काम मिलने पर भुगतान भी नहीं करेंगे इसीलिए गुणवत्ता के साथ काम हो इस बात की चिंता संबंधित अधिकारी करें इसके संबंध में भी






निर्देश दिए अधिकारियों को दिए वहीं बाउंड्री वॉल पर विद्यार्थियों द्वारा पेंटिंग का कार्य किया गया है जिसमें स्वच्छता के संदेशों का लेखन स्कूली बच्चों के के द्वारा किया जा रहा है। उसको देखकर अध्यक्ष मनमोहन साहू ने बताया गया कि स्वच्छता का सर्वप्रथम क्षेत्र स्वयं का घर होता है व्यक्ति को अपने घर को साफ सफाई रखना के लिए सिखते हुए अपने विद्यालय अपने कार्यालय अपने बैठने वाले स्थान को साफ-साफ बनाए रखना चाहिए जिससे कि हर व्यक्ति संकल्पित होकर अपने शहर के प्रति जागरूक बना रहे सभी के सहयोग से हम नगर को ग्रीन और क्लीन बनाने के संकल्प को लेकर काम कर रहे हैं इसमें शहरवासियों को भी हमारा सहयोग करना पड़ेगा।




अगर प्रेग्नेंसी में कैल्शियम की कमी हो जाए, तो इससे मां और बच्चे दोनों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है. इसलिए, प्रेग्नेंसी में कैल्शियम सही मात्रा में लेना बहुत जरूरी है. आइए जानते हैं यहां.. प्रेग्नेंसी एक महिला की जिंदगी का खास समय होता है. इस दौरान मां और शिशु दोनों के अच्छे हेल्थ के लिए सही पोषण बेहद जरूरी होता है. इनमें से एक सबसे अहम पोषक तत्व है कैल्शियम. कैल्शियम की सही मात्रा प्रेग्नेंसी में बहुत जरूरी होती है क्योंकि यह मां और शिशु दोनों के हेल्थ पर गहरा असर डालता है.

# प्रेग्नेंसी में कैल्शियम सबसे ज्यादा जरूरी इसके बिना मां व शिशु को हो सकते हैं खतरे

### कैल्शियम क्यों है इतना जरूरी?

कैल्शियम हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करता है. प्रेग्नेंसी के दौरान शिशु की हड्डियों और दांतों का विकास तेजी से होता है, जिसके लिए कैल्शियम की जरूरत होती है. शिशु के शरीर में यह कैल्शियम मां के शरीर से आता है. अगर मां के शरीर में कैल्शियम की कमी होती है, तो शिशु के विकास पर बुरा असर पड़ सकता है. इसके अलावा, मां के शरीर में भी कैल्शियम की कमी होने लगती है, जिससे उसकी हड्डियां कमजोर हो सकती हैं।

### शिशु की हड्डियों का नहीं हो पाता विकास

कैल्शियम की कमी शिशु के लिए भी खतरनाक हो सकती है. इससे शिशु की हड्डियों का सही तरीके से विकास नहीं हो पाता, जिससे जन्म के बाद शिशु में कमजोरी आ सकती है. इसके अलावा, शिशु के दिल, मांसपेशियों और नसों के विकास पर भी इसका बुरा असर पड़ सकता है. अगर शिशु को गर्भ में ही पर्याप्त कैल्शियम नहीं मिलता, तो इससे उसकी हेल्थ पर भविष्य में असर पड़ता है. अगर इस समय कैल्शियम की कमी हो जाती है, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं. प्रेग्नेंसी में कैल्शियम जरूरी है और इसकी कमी से खतरे हो सकते हैं.

**ध्यान देने वाली बातें:** प्रेग्नेंसी के दौरान मां का हेल्दी रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे शिशु की हेल्थ भी जुड़ी होती है. कैल्शियम की सही मात्रा का ध्यान रखना, मां और शिशु दोनों के लिए फायदेमंद है. इसलिए, अपनी डाइट में कैल्शियम से भरपूर चीजों को शामिल करें और डॉक्टर से नियमित चेकअप कराते रहें. इससे प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाले कई संभावित खतरों से बचा जा सकता है.

# नॉर्थईस्ट यूनाइटेड डूरंड कप फुटबॉल में पहली बार चैंपियन बना

### डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान को 4-3 से हराया; गुरमीत ने 2 गोल बचाए

**कोलकाता. एजेंसी**

गुरमीत सिंह की शानदार गोलकीपिंग के दम पर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट डूरंड कप फुटबॉल का खिताब जीत लिया है। टीम ने 133वें सीजन के फाइनल मुकाबले में 2 गोल से पिछड़ने के बावजूद डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान को शूटआउट में 4-3 से हराया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की टीम इस टूर्नामेंट में पहली बार चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, यह भारतीय फुटबॉल में क्लब की पहली ट्रॉफी भी है। शनिवार रात को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में फाइनल मैच निर्धारित समय तक 2-2 की बराबरी पर रहा। ऐसे में चैंपियन का फैसला शूटआउट से हुआ। 24 वर्षीय गुरमीत सिंह ने तीसरे प्रयास में लिस्टन कोलाको का गोल रोका। फिर 5वें अटैम्प्ट में मोहन बागान के कप्तान सुभाशीष बोस का शॉट रोका और मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। मोहन बागान को उन्हें 13वीं बार दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। यह मैच देखने के लिए नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मालिक बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम भी मौजूद थे।



### हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त पर था मोहन बागान

फाइनल मुकाबले में मोहन बागान की टीम पहले हाफ तक 2-0 की ब?त पर थी। डिफेंडिंग चैंपियन की ओर से जैसन कमिंस और साहल अब्दुल समद ने गोल दागे। कमिंस ने पेनल्टी पर गोल दागा, जबकि समद ने हाफ टाइम से ठीक पहले फील्ड गोल किया। दूसरे हाफ में अलाएडिन अजारा (55वें मिनट) और गिलर्मो फर्नांडेज (58वें मिनट) गोल करके स्कोर बराबरी पर ले आए। फिर शूटआउट में नॉर्थईस्ट के गोलकीपर गुरमीत सिंह ने दो पेनल्टी बचाकर अपनी टीम की जीत निश्चित कर दी।

## पेरिस पैरालिंपिक: रुबीना को 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज

**सिनसिनाटी. एजेंसी**

पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस ने पेरिस पैरालिंपिक में शनिवार को ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल के स॥1 कैटेगरी में यह मेडल दिलाया। रुबीना ने फाइनल में 211.1 स्कोर किया। पेरिस पैरालिंपिक में भारत के अब तक 5 मेडल हो गए हैं। वहीं प्रवीण कुमार जेवलिन थ्रो में मेडल से चूक गए। प्रवीण फाइनल में 8वें स्थान पर रहे। बैडमिंटन में सुकांत कदम ने मेंस सिंगल्स के स्स्4 ग्रुप प्ले स्टेज में थाईलैंड के सिरीपोंग टीमारोम को 25 मिनट में 21-12, 21-12 से हराया। ग्रुप में लगातार दूसरी जीत के साथ कदम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इससे पहले भारत ने 4 मेडल जीते थे। विमेंस शूटिंग में अवनी लेखरा ने गोल्ड और मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## रूट ने टेस्ट करियर की 34वीं सेंचुरी लगाई

**गयाना. एजेंसी**

इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच लॉर्ड्स के मैदान में चल रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन जो रूट ने अपने टेस्ट करियर की 34वीं टेस्ट सेंचुरी लगाई। रूट ने 121 बॉल पर 103 रन की पारी खेली। उन्होंने इस टेस्ट की पहली पारी में भी 143 रनों की शतकीय पारी खेली थी। इसके साथ ही रूट इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पिछली पारी में शतक के साथ उन्होंने एलिस्टर कुक के 33 टेस्ट शतकों की बराबरी की थी।

## महामुकाबले को देखने के लिए लोगों ने चुकाई चौगुनी कीमत

# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत 2017 में पाकिस्तान से हार चुका था

**दुबई. एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का पांचवां मुकाबला दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में आज खेला जाएगा। भारत-पाक मुकाबले का क्रेज इस तरह है कि मैच से एक दिन पहले शनिवार को लोग चौगुनी कीमत पर भी टिकट खरीदने को तैयार थे। हालांकि, इसमें लोगों को सफलता नहीं मिली।

मिनटों में सोल्ड हो गए थे भारत-पाक मुकाबले के टिकट भारत-पाक मुकाबले के टिकट की बिक्री आईसीसी ने 4 फरवरी को शाम 5 बज कर 30 मिनट में ही कर दी थी। इस मैच का टिकट कुछ ही मिनटों में खत्म हो गए थे। कई लोगों ने टिकट न मिल पाने की शिकायत भी की थी। टिकट की सबसे कम कीमत 125 दिरहम, यानी भारतीय करेंसी में 2,964 रुपए थी। वहीं प्रीमियम लॉन्ज की कीमत 5000 दिरहम, भारतीय करेंसी में 1 लाख 18 हजार रुपए थी।

टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है पाकिस्तान पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है। साल 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को फाइनल में पाकिस्तान ने हराकर खिताबी जीत हासिल की थी। इस टूर्नामेंट के ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की टीमें शामिल हैं। वहीं ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें हैं।सभी टीमें ग्रुप में 3-3 लीग मैच खेलेंगी और और टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

### टीम दबाव को बेहतर तरीके से संभालेगी




गिल ने कहा- पाकिस्तान से बड़ा मैच, पर सबसे बड़ा मुकाबला नहीं गिल ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जो टीम दबाव को बेहतर तरीके से संभालेगी, वह जीत हासिल करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा, सबसे पहले, मुझे लगता है कि यह एक बड़ा मैच है, लेकिन मुझे लगता है कि सबसे बड़ा मैच निश्चित रूप से फाइनल होगा, जिसमें टीम खेलेगी। हम वनडे में अच्छा कर रहे हैं, पाकिस्तान ने हाल ही में खेले गए कुछ मैच हारे हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम उन्हें कमतर आंकेंगे। मुझे लगता है कि उनके पास एक अच्छी टीम है और हमारे लिए रविवार को अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना महत्वपूर्ण है।

### दबाव में भी हमारी टीम बेहतर करेगी

पाकिस्तान के कोच बोले- दबाव में भी हमारी टीम बेहतर करेगी पाकिस्तान के कोच आकिब जावेद ने कहा कि दबाव में भी हमारे खिलाड़ी बेहतर करेंगे। अभी, हम सभी अनुमान लगा रहे हैं कि इस मैच में क्या होगा। यही इसकी खूबसूरती है, क्या होगा। कोई कुछ नहीं जानता। इसलिए, उसी तरह, दबाव लेना खिलाड़ियों का काम है। यदि आप इस दबाव को हटा देते हैं, तो पाकिस्तान-भारत के खेल में क्या बचता है? जुनून और दबाव ही एक खिलाड़ी को अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए आवश्यक है। भारत ने जीता पहला मैच, पाक को हार मिली चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हुई। मेजबान पाकिस्तान को पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रन की हार मिली। दूसरी ओर भारत ने पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। दोनों टीमें अब रविवार को अपना-अपना दूसरा मैच खेलेंगी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### खुद को बॉयफ्रेंड स्नेचर नहीं मानती हैं सुचित्रा, बोलीं-

## मैं प्रीति और लार्स के बीच नहीं आई



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा सुचित्रा पिल्लई इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे 'द ब्रोकन न्यूज 2' में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस शो में उन्होंने सोनाली बेंद्रे और जयदीप अहलावत के नजर आ रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुचित्रा पुराने दिनों को याद करती नजर आईं...

आइए आपको बताते हैं सुचित्रा ने क्या कुछ कहा अपने करियर और निजी जिंदगी के बारे में। सुचित्रा पिल्लई को एक जमाने में लोग 'बॉयफ्रेंड स्नैचर' के नाम से बुलाते थे। इस विषय पर बात करते हुए सुचित्रा कहती हैं, मैं अपने आप को बॉयफ्रेंड स्नैचर नहीं मानती हूं। यह अफवाह लोगों ने मेरे बारे में फैलाया था। मैं कभी भी किसी के रिश्ते के बीच नहीं आई।

### लार्स और प्रीति के बीच मैं नहीं आई

सुचित्रा पिल्लई अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मेरे बारे में जो कहानी फैलाई गई है मैं उससे बिल्कुल भी सहमत नहीं हूं। मैं कभी भी लार्स और प्रीति के बीच नहीं आई थी। प्रीति और लार्स के ब्रेकअप के बाद मैं लार्स की जिंदगी में आई। वे काफी पहले अपने निजी कारणों की वजह से अलग हो गए थे। मैं उनके ब्रेकअप की वजह नहीं थी।

### सुचित्रा और प्रीति कभी दोस्त नहीं थे

सुचित्रा पिल्लई और प्रीति जिंटा के बारे में कहा जाता था कि वे दोस्त हैं, लेकिन सुचित्रा इन बातों से इनकार करती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सुचित्रा कहती हैं, मैं और प्रीति बस एक-दूसरे को जानते थे। हम कभी भी दोस्त नहीं थे। हम परिचित थे क्योंकि हमारा एक कॉमन दोस्त था। मुझे जो बॉयफ्रेंड स्नैचर का टैग मिला उसके पीछे एक अलग कहानी है। यह तब की बात है जब मैं इंग्लैंड से वापस आई थी और कई पत्रिकाओं के कवर पर मुझे 'बॉयफ्रेंड स्नैचर' के साथ प्रकाशित किया गया था। ऐसा इसलिए था क्योंकि मैंने एंड्र्यू कॉइन को डेट करना शुरू कर दिया था।

## प्रेमिका ने छोड़ा तो सुपरस्टार बने मिथुन, प्लेन में मिले तो रोने लगी थी वो लड़की

मिथुन चक्रवर्ती ने एक टीवी शो में बताया कि जब उनके फिल्मी करियर की शुरूआत हो रही थी, तो उन्हें एक लड़की से प्यार हो गया था, जो उन्हें छोड़कर चली गई थी। तीन-तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुके अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती हाल ही में, टीवी रिएलिटी शो च्सा रे गा मा पाज में नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी के पुराने दिनों को याद करते हुए कई दिलचस्प बातें बताईं। उन्होंने जो किस्से सुनाए वो शायद ही किसे ने पहले सुना होंगे। दरअसल, मिथुन ने उन दिनों के बारे में बात की, जब वो प्यार में पड़े हुए थे। मिथुन ने बताया कि जब उनके फिल्मी करियर की शुरूआत हो रही थी, तो उन्हें एक लड़की से प्यार हो गया था। संघर्ष के उन दिनों में उनकी मुश्किलें और ज्यादा बढ़ गई थी, क्योंकि मिथुन जिस लड़की से इश्क करते थे, वो उन्हें छोड़कर चली गई थी। इससे मिथुन काफी दुखी हो गए थे। संघर्ष की आग में तपते-तपते मिथुन सुपरस्टार बन चुके थे। उनका करियर ऊचांईयां छू रहा था। इसी बीच अचानक उनकी मुलाकात उसी लड़की से हो गई। मिथुन ने याद करते हुए बताया कि एक दिन यात्रा के दौरान उन्हें वही लड़की मिल गई। दोनों एक ही प्लेन में सफर कर रहे थे। लड़की मिथुन से नजरें बचा रही थी, लेकिन मिथुन अपनी सीट से उठकर उसके पास चले गए और पूछा कि नजर क्यों नहीं मिल रही है? ये सुनते ही लड़की ने मुंह फेर लिया। मिथुन ने कहा कि उस वक्त उन्हें लगा कि वो खुद को दोषी-सा महसूस कर रही है। इसलिए लड़की को थोड़ा शांत करने के लिए मिथुन ने कहा कि उस वक्त तुमने मेरे साथ जो किया था, सही किया था। अभिनेता मिथुन ने आगे बताया कि उन्होंने लड़की से कहा था कि उसका संघर्ष के दिनों में उन्हें छोड़कर जाने का फैसला बिल्कुल सही था। यह सुनकर लड़की ने रोना शुरू कर दिया था। बाद में उस लड़की ने भी मिथुन से अपने दिल की बात कही थी। उन्होंने मिथुन से कहा कि उसे लगता है कि उसने गलती की थी और उस वक्त ऐसा नहीं करना चाहिए था। इस पर मिथुन ने कहा कि अगर वो ऐसा नहीं करती तो शायद वो लीजेंड नहीं बन पाते।



## काफी उतार-चढ़ाव वाले दौर से गुजर रही हैं जैकलीन

### बताया कैसे खुद को रखती हैं सकारात्मक



बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज का फिल्मी करियर और निजी जीवन काफी उतार-चढ़ाव वाले दौर से गुजर रहा है। अभिनेत्री इन दिनों अपनी फिल्मों की वजह से नहीं, ब्लकि अन्य कारणों से काफी चर्चा में रहती हैं, जो सकारात्मक नहीं है। हाल में ही अभिनेत्री ने इस पर बात की है कि वो कैसे इन चीजों से निपटती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने बॉलीवुड में भाषा की वजह से होने वाली दिक्कतों पर भी बात की है। उन्होंने कहा कि वह अभी भी इससे जूझ रही हैं। अभिनेत्री ने बातचीत के दौरान कहा, सकारात्मक और नकारात्मक चीजें हमेशा रहेंगी, लेकिन जिस चीज ने मेरी सबसे ज्यादा मदद की है, वह है प्यार पाने की इस निरंतर इच्छा और जरूरत को छोड़ना और यह महसूस करना कि यह वास्तव में आखिरी भ्रम है, जो हम सभी महसूस करते हैं। इस वजह से ही मैं खुद को स्वतंत्र, विनम्र और शांत रख पाती हूं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्हें किसी भी चीज से डर नहीं लगता। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से ईश्वर में विश्वास करती रही हूं। यह मेरे जीवन में एक बहुत ही मजबूत शक्ति है और इसी वजह से ही मुझे कभी किसी चीज से डर नहीं लगता। जैकलीन ने आगे कहा कि उन्होंने कई सारे बदलाव किये हैं। उन्होंने कहा कि वो अक्सर ध्यान लगाती हैं। इसके अलावा अब वह सही और गलत लोगों के बीच अंतर करने में सक्षम हो गई हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वह अपने परिवार और अच्छे लोगों को अपने करीब रखती हैं। उन्होंने कहा, मैं सहानुभूति रखने की क्षमता को अपनी महाशक्ति के रूप में रखती हूं, न कि कमजोरी के रूप में। गौरतलब है कि पिछले महीने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जैकलीन को ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। चंद्रशेखर के साथ उनके संबंधों के लिए ईडी अधिकारियों ने कई बार उनसे पहले भी पूछताछ की है। भाषा की वजह से होती दिक्कतों पर अभिनेत्री ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मैं अभी भी भाषा की दिक्कतों से निपट रही हूं। मैं इसका प्रशिक्षण लेती हूं और कड़ी मेहनत करती हूं। एक ऐसी भाषा में बोलना और प्रदर्शन करना, जो मेरी मातृभाषा भी नहीं है। मुझे खुद को उसमें बेहतर होते हुए देखना सकारात्मक और अच्छा लगता है। मुझे अपने शुरुआती वर्ष भी याद हैं, जब मैंने काम करना शुरू किया था।



## सलमान को कभी पांच हजार तो कभी पांच लाख में साइन करते थे ये निर्देशक, लेकिन फिल्म कभी नहीं बनाई

सलमान खान आज फिल्मों में काम करने के लिए करोड़ों रुपये की फीस लेते हैं, लेकिन एक समय ऐसा था, जब उन्हें पांच हजार रुपये में भी साइन किया गया था। एक निर्देशक उन्हें बार-बार साइन करते थे और फिल्म बन ही नहीं पाती थी। वो सलमान खान को पांच हजार देने से लेकर पांच लाख रुपये देने तक चले गए थे, लेकिन फिल्म नहीं बना पाए। सलमान खान की फिल्म साजन का निर्देशन करने वाले लॉरेंस डिसूजा ने बताया कि एक बार एस रामनाथन ने सलमान को पांच रुपये में साइन कर लिया था। हालांकि, फिल्म नहीं बन पाई। ये उन दिनों की बात है, जब सलमान की फिल्म मैंने प्यार किया आई थी। इसमें सलमान को देखने के बाद ही निर्देशक ने उनके साथ काम करने का फैसला किया था। लॉरेंस डिसूजा ने फाइडे टॉकीज से हुई बातचीत में बताया कि जब एस रामनाथन का सलमान खान के साथ काम करने का पहला मौका अंजाम तक नहीं पहुंचा तो एक बार फिर से उन्होंने भाईजान को साइन किया, लेकिन इस बार पांच लाख रुपये दिए गए, लेकिन वो फिल्म भी नहीं बन पाई। बता दें कि एस रामनाथन ने देवता, रंगीला रत्न, महान, फैसला, बॉम्बे टू गोवा, दो फूल, फैसला और कहानी एक चोर की समेत कई फिल्में बनाई थी। अपने साथ बार-बार ऐसा होता देख सलमान खान भी हैरान थे। लॉरेंस के मुताबिक, सलमान ने इस मामले पर कहा था कि रामनाथन कैसे इंसान हैं? वो मुझे रुपये दे देते हैं और फिर कुछ काम ही नहीं करते। लॉरेंस ने साजन फिल्म में कलाकारों की फीस पर भी बात की। उन्होंने बताया कि सलमान खान और माधुरी दोनों को 11-11 लाख रुपए मिले थे। वहीं, संजय दत्त को 12 लाख रुपए की फीस दी गई थी और लॉरेंस को आठ रुपये मिले थे। मैंने प्यार किया की बात करें तो यह एक रोमांटिक फिल्म है, जो दिसंबर 1989 में सिनेमाघरों में आई थी। इसका निर्देशन सूरज बड़जात्या ने किया है। हाल ही में, इस फिल्म को फिर से रिलीज किया गया है। इस फिल्म में सलमान खान, भाग्यश्री, आलोकनाथ, दिलीप जोशी, हरीश पटेल, मोहनिश बहल और राजीव वर्मा समेत कई कलाकारों ने काम किया है।

### रिटायर्ड हवलदार की बेटी के डिजिटल अरेस्ट का प्रयास, कोलार थाना पुलिस ने की मदद

# असली पुलिस पहुंचते ही नकली पुलिस ने किया कॉल डिस्कनेक्ट

**मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग तस्करी का आरोप लगाकर धमकाया फिर सेटलमेंट करने लगे जालसाज**




भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज, अवंतिका अपार्टमेंट शनिवार दोपहर हेड कांस्टेबल की बेटी को जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट करने का प्रयास किया। सायबर जालसाजों ने उन्हें बैंक अकाउंट से मनी लांड्रिंग और आधार नंबर के माध्यम से भेजे कुरियर से ड्रग तस्करी करने का आरोप लगाया। संदेह होने पर युवती ने अपने पिता को घटना की जानकारी दी। पिता ने कोलार पुलिस से मदद मांगी। कोलार पुलिस मौके पर पहुंची तो जालसाजों ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

पुलिस के अनुसार अवंतिका अपार्टमेंट कोलार रोड निवासी प्रिया सक्सेना (28) एमबीए पास आउट है और एमपी नगर की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती हैं। पिता पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक के पद से रिटायर्ड है। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे उनके पिता ने थाने में कॉल कर शिकायत दी कि बेटी को अज्ञात नंबरों से कॉल कर डिजिटल अरेस्ट करने का दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो सायबर जालसाज वीडियो कॉलिंग कर युवती को उनके नाम से फर्जी अकाउंट खोलकर मनी लांड्रिंग करने और ड्रग तस्करी के आरोप लगाकर ऑनलाइन निगरानी में रहने का दबाव बना रहे थे। जब नकली वर्दी में बैठे जालसाजों ने असली वर्दी देखी तो कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

## कहा दिल्ली के एयरपोर्ट पर पकड़ाया पार्सल

सायबर जालसालों ने कॉल कर प्रिया से कहा कि आपके अकांउट का इस्तेमाल मनी लांड्रिंग में हो रहा है। आपके आधार कार्ड के नंबर से एक कुरियर भेजा गया है। यह कुरियर दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ लिया है।

## जांच में सहयोग का झांसा देकर करना चाहते थे ठगी

आरोपियों ने असली पुलिस होने का प्रभाव दिखाने के लिए वर्दी में एक युवक को अपना अधिकारी बताकर बैठा दिया था। पीछे सायबर क्राइम दिल्ली पुलिस का बोर्ड भी लगा हुआ था। आरोपियों ने अधिकारियों से बात कराने का झांसा देकर एक युवक से बात कराई। उस युवक ने प्रिया को इनोसेंट कहकर मदद करने का कहा। उसने कहा कि जांच में सहयोग करो। सहयोग के नाम पर उसने डिजिटल अरेस्ट में रहने की शर्त रखी। तब प्रिया को भरोसा हो गया कि उनके साथ ठगी होने वाली है। रिटायर्ड पुलिसकर्मी की बेटी होने के कारण प्रिया डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं से पहले ही जानकार थी।

प्रिया ने जब दिल्ली में कोई अकाउंट नहीं होने की बात कही और किसी भी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से इंकार किया तो सायबर जालसाज प्रिया को जेल भेजने की धमकी देने लगे। वीडियो कॉल पर प्रिया सक्सेना को फर्जी सायबर थाना दिखाया और ऑनलाइन निगरानी का दबाव बनाया। युवती ने अपने पिता को जानकारी दी। पिता ने कोलार पुलिस को घटना की जानकारी दी। सायबर क्राइम दिल्ली का बोर्ड लगा था।

# टेलीग्राम पर माशिमं का लोगो पेपर का झांसा, ठग भिंड से दबोचा



भोपाल, दोपहर मेट्रो

साइबर क्राइम ब्रांच पुलिस ने टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर 10वीं, 12वीं के बच्चों को वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को भिंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी जालसाज ने ग्रुप बनाकर उसमें माध्यमिक शिक्षा मंडल का लोगो लगा लिया था।

ग्रुप के माध्यम से आरोपी अलग ग्रुप में छात्रों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर अपने खाते में उनसे एक से दो हजार रुपए डलवा रहा था। उक्त रुपए पेटीएम वालेट के क्यूआर कोड के माध्यम से आरोपी ले रहा था। आरोपी ने एमपी बोर्ड नाम से दो ग्रुप बना रखे थे।

## बच्चों से अपने खाते में रुपए डलवाए

सायबर क्राइम ब्रांच को अखबारों के माध्यम से जानकारी मिली थी एमपी बोर्ड की परीक्षा से पूर्व जालसाज टेलीग्राम पर 10वीं, 12वीं का पेपर लीक करने का दावा करते हुए बच्चों से अपने खाते में रुपए डलवा रहा है। वह जो पेपर दे रहा है वह केवल सैंपल पेपर है। सायबर क्राइम ब्रांच ने अज्ञात

**ग्रुप बनाकर बच्चों को 10वीं और 12वीं का पेपर देने का झांसा देकर कर रहा था ठगी**

आरोपी पर प्रकरण दर्ज जांच की। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने शिवम यादव पिता अरविंद यादव (20) दीनपुरा, भिंड को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह खुद 12वीं पास है। उसने टेलीग्राम पर माध्यमिक शिक्षा मंडल के नाम का एवं लोगो लगाकर ग्रुप बनाया था।

## ओरिजनल पेपर एक दिन पहले का झांसा

ग्रुप पर उसने 10वीं और 12वीं का ओरिजनल पेपर एक दिन पहले ही मुहैया कराने का झांसा दिया। झांसे में आकर छात्र उसके द्वारा दिए गए क्यूआर कोड पर रुपए भेजकर उससे सैंपल पेपर लेकर ठगी का शिकार हो रहे थे। आरोपी से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल और दो सिमकार्ड समेत बैंक आफ बड़ौदा व बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम कार्ड जब्त किया है।

## न्यू मार्केट में युवक का मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश को भीड़ ने पकड़ा

**भोपाल।** टीटी नगर स्थित न्यू मार्केट में शुभम कांप्लेक्स के पास शुक्रवार शाम निगरानी बदमाश ने युवक का मोबाइल झपट लिया। मोबाइल झपटने के बाद वह भागने लगा। हालांकि युवक के साथ मौजूद उसके दोस्त और भाई समेत भीड़ ने बदमाश को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे झपटा गया मोबाइल जब्त कर लिया है। आरोपी थाने का निगरानी बदमाश है और उस पर 19 अपराध दर्ज है। पुलिस के अनुसार शिव नगर टीटी नगर निवासी 23 साल का अर्पित सिंह चौहान प्राइवेट काम करता है। शुक्रवार शाम वह अपने छोटे भाई और दोस्त के साथ न्यू मार्केट गया था। तीनों न्यू मार्केट में घूम रहे थे। इस दौरान अर्पित के मोबाइल पर कॉल आया और वह बात करने लगा, तभी बदमाश उसके पास पहुंचा और मोबाइल झपटकर भागने लगा। अर्पित ने शोर मचाते हुए उसके पीछे दौड़ लगा दी। अर्पित के साथ उसके भाई और दोस्त ने भी भी आरोपी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को थाने ले आई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भारत बाथम (21) निवासी ग्वाल मोहल्ला बताया। पुलिस ने उसका रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि वह थाने का निगरानी बदमाश है और कुल 19 अपराध दर्ज है।

## हजारों की अवैध शराब के साथ तीन पकड़ाए

**भोपाल।** पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ लगातार कार्रवाई की जा रही है। शाहपुरा पुलिस ने रायल रेसीडेंसी के पास शंकर कामदार निवासी कोलार रोड को गिरफ्तार कर अवैध रूप से रखी 2859 रुपए की अवैध शराब जब्त की है। इसी प्रकार अयोध्या नगर पुलिस ने दशहरा मैदान के पास मनीष द्विवेदी से 2470 रुपए और अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने भीमनगर के पास राघवेंद्र सेन से 950 रुपए की अवैध शराब जब्त की है। तीनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## फोटोग्राफर देवेंद्र दुबे का निधन



**भोपाल।** राजधानी के मशहूर फोटोग्राफर देवेंद्र दुबे का देर रात निधन हो गया। वे करीब 62 वर्ष के थे और हाल में राजधानी के एक अस्पताल में उनका दिल का बाईपास ऑपरेशन हुआ था। बताया जाता है कि ऑपरेशन के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उनका अंतिम संस्कार आज कोलार क्षेत्र के विश्रामघाट पर किया गया। देवेंद्र दुबे ने कई समाचार पत्रों से जुड़कर फोटोग्राफी की, वे प्रकृति व पक्षियों की तस्वीरें खींचने में सिध्दहस्त थे।

# डीजल छिड़ककर युवक ने खुद को लगाई आग, मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार थाना क्षेत्र स्थित कजलीखेड़ा में प्राइवेट कॉलेज के पास एक युवक ने खुद पर डीजल छिड़कर आग लगा ली। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आत्मदाह के कारण का पता नहीं चल सका है। कोलार पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्मदाह के कारणों का पता लग रही है। पुलिस के अनुसार मधुर जाटव पिता रामबाबू जाटव (22) कजलीखेड़ा कोलार में रहता था। रामबाबू के पिता ने बताया कि वह ट्रैवल्स की कार चलाता था। दो दिन पहले मधुर जबलपुर गया था। शुक्रवार रात करीब 9 बजे




उनकी मधुर से बातचीत हुई। शनिवार सुबह मधुर ने कजलीखेड़ा में प्राइवेट कॉलेज के पास डीजल छिड़कर खुद को आग लगा ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ट्रैवल्स मालिक को दी थी। ट्रैवल्स मालिक ने रामबाबू को कॉल कर घटना की जानकारी दी। वे मौके पर पहुंचे तो बेटे की मौत हो चुकी थी।

## मानसिक संतुलन बिगड़ने से युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित गांव कलखेड़ा में एक युवक ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण दो साल से युवक का चूनाभट्टी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पुलिस के अनुसार नीतेश सरोनिया पिता कमल सिंह (19) ग्राम कलखेड़ा रातीबड़ में रहता था। उसके पिता कमल सिंह बंसल ग्रुप में काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि नीतेश उनका बड़ा बेटा था, जबकि उससे एक छोटा बेटा है। गत दो साल से नीतेश का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। वे उसका इलाज मनौचिकित्सक के पास करा रहे थे। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे नीतेश ने अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही वह नीतेश को फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए, वहां हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। हमीदिया पहुंचने पर पता चला कि नीतेश की मौत हो चुकी है। पुलिस को नीतेश की मौत की जानकारी शुक्रवार रात मिली थी। हमीदिया पहुंची पुलिस ने शव मर्चूरी में रखवा दिया। शनिवार को उसका पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंपा गया।

**आरोपी ने अपना बैंक एकाउंट और मोबाइल सिम साइबर ठगी करने वाली एक महिला को बेचा था**

# साइबर ठगों को खाता बेचने वाले पर केस दर्ज



भोपाल, दोपहर मेट्रो

साइबर क्राइम ब्रांच ने शाहजहांनाबाद निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी ने अपना बैंक एकाउंट और मोबाइल सिम साइबर ठगी करने वाली एक महिला को बेचा था। इस खाते का उपयोग हरियाणा और जयपुर में ठगी की राशि प्राप्त करने के लिए किया गया था।

जानकारी के अनुसार हरियाणा निवासी कुलवंत सिंह के साथ 1 लाख रुपए की ठगी की गई थी। इसी प्रकार जयपुर निवासी भूपेंद्र सिंह राजावत और गायत्री कानवार के साथ चार-चार हजार रुपये की ठगी हुई थी। यह तीनों शिकायत राष्ट्रीय हेल्पलाइन पर की गई थी। तीनों घटनाओं में ठगी की राशि जिस बैंक एकाउंट में ट्रॉसफर करवाई गई थी, वह भोपाल का था। राज्य सायबर क्राइम ब्रांच ने तीनों मामलों की डिटेल जानकारी भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच को भेजी थी। साइबर क्राइम ब्रांच की प्राथमिक जांच में पता चला कि उक्त बैंक एकाउंट शाहजहांनाबाद निवासी इनामउर रहीम के नाम पर है। पुलिस ने इनामउर रहीन से पूछताछ की तो उसने बताया कि अपना बैंक एकाउंट उसने एक महिला को 2 हजार रुपये किराए पर दिया था। इसके साथ ही एक मोबाइल सिम भी महिला को दी थी। इसी मोबाइल सिम का उपयोग कर साइबर जालसाजों ने तीनों के साथ ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इस आधार पर पुलिस ने खाता धारक इनामउर रहीम के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## ट्रेडिंग कंपनी ने व्यवसायी को लगाया 14 लाख का चूना

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित अटलांटिक कॉलोनी में रहने वाले अनाज व्यवसायी को कानपुर की ट्रेडिंग कंपनी ने 14 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी जालसाज ने मक्का के आटे के एवज में 14 लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद आटा नहीं पहुंचाया। पुलिस ने व्यवसायी की शिकायत में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अंकिता पांडे (38) अटलांटिक कालोनी कटारा हिल्स में रहती हैं। उनके पति आशीष पांडे ऑनलाइन अनाज का व्यवसाय करते हैं। पिछले साल जून 2024 महीने में पांडे ने कानपुर की एक जैन ट्रेडिंग कंपनी से मक्के के आटे का सौदा किया था। इसके लिए उन्होंने 14 लाख रुपए का भुगतान किया था। कंपनी ने बताया था कि आटे का ट्रक रवाना कर दिया गया है, लेकिन वह ट्रक पांडे के पास तक नहीं पहुंचा। काफी प्रयास करने के बाद भी जब माल की सप्लाई नहीं हुई तो इसकी शिकायत पुलिस से की गई।

**मेट्रो एंकर** पीएम के रूट पर डेढ़ हजार मकानों का किया गया वेरिफिकेशन


# हाईराइज बिल्डिंग पर दूरबीन लेस स्नाइपर्स, एंटी ड्रोन सिस्टम इंस्टॉल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी में 24 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स मीट में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। मीट का आयोजन मानव संग्रहालय में किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी की शाम भोपाल पहुंचेगे।

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए है। प्रधानमंत्री 23 फरवरी की रात को राजभवन में रुकेंगे और 24 फरवरी को मानव संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिसको देखते हुए सुरक्षा के चलते राजभवन और प्रधानमंत्री के रूट में आने वाले करीब ढेड़ हजार मकानों का वेरिफिकेशन करवाया गया है।

वहीं हाइराईज बिल्डिंगों पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे। इन इमारतों पर स्नाइपर्स को भी तैनात किया जा रहा है। वे ऊंची इमारतों से दूरबीन के माध्यम से प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एंटी ड्रोन सिस्टम कार्यक्रम स्थल और उनके रूट पर लगाया जा रहा है। यह सिस्टम किसी भी तरह के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को मार गिराने में कारगर है।

## 12 बम स्क्वायड की टीम और पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने 5 हजार से अधिक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। होमगार्ड, एसएएफ की 5 कंपनी, एटीएस, एसटीएफ और हॉक फोर्स की टुकड़ियां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी, इसके अलावा 12 बम स्क्वायड की टीम को तैनात कर दिया गया है जो लगातार वीवीआईपी के रुकने और कार्यक्रम स्थल की चेकिंग कर रहे है। थाना पुलिस को भी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल किया गया है।

## सुबह सीएम और शाम को डीजीपी ने किया निरीक्षण

किसी तरह की चूक न हो इसके लिए शनिवार को फाइनल रिहर्सल की गई। रिहर्सल में 4 हजार पुलिसकर्मी मौजूद रहे। एसपीजी ने भी पूरी व्यवस्था पर नजर रखी। एसपीजी के निदेशों के आधार पर पूरी व्यवस्था और पूरा सुरक्षा का प्लान तैयार किया गया।

शनिवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तो वहीं शाम को प्रदेश के डीजीपी भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पहुंचे। प्रधानमंत्री के जहां कार्यक्रम होने है और जिन रास्तों से उन्हें गुजरना है उन तमाम स्थानों का डीजीपी ने निरीक्षण किया। पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**प्रदेश में गिरा पारा बढ़ेगी ठंड-** **भोपाल।** उत्तरी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है। यह अभी दो दिन बनी रह सकती है। उसके बाद तापमान बढ़ने लगेगा। वहीं, शनिवार को रात का सबसे कम 10.8 डिग्री सेल्सियस तापमान राजगढ़ में दर्ज किया गया। भोपाल में भी दो डिग्री पारा गिरा है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा 11 डिग्री सेल्सियस पर रहा।


**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/60/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा की जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | निविदा की मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 30252001 | बोगी फ्रेम व्यवस्था की खरीद– नॉन एसी मेन लाइन कोचों के लिए 13 टी | 52 संख्या |
| 2 | 20244026A | WAG-9 लोकोमोटिव के लिए डैम्पर का सेट | 40 सेट |
| 3 | 81246128 | 8.5 डायमंड क्रासिंग में 1 का निर्माण और आपूर्ति | 4 सेट |
| 4 | 38243575 | ब्रेक बीम झाड़ियों से पूर्ण | 1642 संख्या |
| 5 | 20255005 | इलेक्ट्रिक इंजनों के लिए ड्राइवर सीट का प्रावधान | 562 संख्या |
| 6 | 34243050 | सिंथेटिक पेंट और वार्निश के लिए पतला | 62468 लीटर |
| 7 | 38243386 | बोल्स्टर स्प्रिंग आउटर IS 3195 (BLC) | 2325 संख्या |
| 8 | 30241756 | लचीले केबल पूर्ण सेट की खरीद | 26 सेट |

उपरोक्त सभी निविदाओं में क्र. सं. 1 की नियत तिथि– 06.03.2025, क्र. सं. 2 की नियत तिथि – 10.03.2025, क्र. सं. 3 की नियत तिथि – 11.03.2025, क्र. सं. 4 एवं 5 की नियत तिथि – 12.03.2025, क्र. सं. 8 एवं 9 की नियत तिथि – 25.02.2025, क्र. सं. 6 से 8 की नियत तिथि – 17.03.2025, 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022